## खबर संक्षेप

### खाते में पैसे किये ट्रांसफर, नहीं लौटने पर मामला पंजीबद्ध

**बरही।** खाते में पैसे ट्रांसफर करने के बाद पैसे नहीं देने की शिकायत के मामले में पुलिस ने पिता व पुत्र पर मामला पंजीबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार फौजी दिलीप सिंह क्षत्रिय मेरठ में हवलदार के पद पर पदस्थ है। अपने चाचा बीरेंद्र सिंह से बात किया कि पैसे गांव की बैंक में इकट्ठा नहीं निकल पाता है, क्या करूं? चाचा ने कहा कि में कर्मचारी हूं इसलिए मेरे बड़े पुत्र योगेंद्र प्रताप सिंह के खाते में एनईएफटी कर दो। फौजी दिलीप ने एनईएफटी के माध्यम से दो किस्तों में 11 लाख रुपए की राशि वर्ष 2021 में ट्रांसफर कर दिया। फौजी जब छुट्टी में आकर उक्त राशि मांग की तो चाचा एवं चचेरे भाई योगेंद्र प्रताप सिंह दोनों ने राशि देने के लिए मना कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी। दिलीप सिंह जब भी पैसा मांगते थक गया तब उसने चाचा वीरेंद्र सिंह क्षत्रिय एवं योगेंद्र प्रताप सिंह के विरुद्ध खितौली चौकी में शिकायत की। खितौली चौकी प्रभारी एसआई ऋषभ सिंह बघेल ने मामले की जांच कर अमानत में खयानत करने वाले वीरेंद्र सिंह एवं पुत्र योगेंद्र प्रताप सिंह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक 8 को

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में 8 सितंबर को समय दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में वन मंडलाधिकारी, सहायक आयुक्त सेंट्रल जीएसटी,जिला शिक्षा अधिकारी, उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण,औषधि निरीक्षक को निर्धारित समय व तिथि पर मौजूद रहने निर्देशित किया गया है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 को

**कटनी।** नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर को किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

## नगर निगम द्वारा 11 विसर्जन घाटों में बनाएं गए कुण्ड, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किये गए थे पुख्ता इंतजाम

# गणपति बप्पा को दी विदाई, कृत्रिम कुण्ड में प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रथम पूज्य मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश जी के दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व का अनंत चतुर्दशी को समापन हो गया। शनिवार को घरों एवं पंडालों में स्थापित की गई गणेशजी की प्रतिमाओं का विधि विधान से पूजन अर्चन करने के उपरांत विभिन्न विसर्जन घाटों में निगम प्रशासन द्वारा बनाएं गए कृत्रिम कुण्डों में विसर्जन किया गया। गणेश पंडालों में दोपहर बाद से हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कन्या भोज एवं भंडारा प्रसाद आयोजित किया गया। प्रसाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही है। विसर्जन घाटों में नगर निगम सहित पुलिस एवं प्रशासनिक स्तर पर सभी तरह की व्यवस्थाएं की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। निगम प्रशासन द्वारा प्रकाश, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों को तैनात किया गया था। प्रशासनिक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निगम प्रशासन द्वारा नगर के चिन्हित 11 विसर्जन घाटों में कृत्रिम कुंडों का निर्माण किया जाकर कर्मचारी तैनात किए गए है।विसर्जन स्थल गाटर घाट का प्रभारी सहायक यंत्री श्री सुनील सिंह को नियुक्त किया जाकर इनके साथ उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, समय पाल पंकज निगम सहित 13 अन्य अधिकारी कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। वहीं पीरबाबा निवार नदी एवं हनुमान घाट के दोनों ओर प्रतिमा विसर्जन हेतु सहायक यंत्री अनिल जायसवाल एवं उपयंत्री पवन श्रीवास्तव के साथ 16 कर्मचारियों के दल की डयूटी लगाई गई है। वहीं विसर्जन स्थल मोहन घाट, मसुरहा घाट, माई नदी, बाबा घाट, छपरवाहघाट, बिलगवां घाट, सिमरारनदी रपटा जुहला, बजरंग कॉलोनी तट एवं ट्रांसपोर्ट नगर तालाब में भी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु अलग अलग प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाकर 10-10 कर्मचारियों के दल को संलग्न किया गया है।





### टीम को अलर्ट रहने के निर्देश

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया ने शनिवार को जिले के प्रमुख गणेश विसर्जन स्थलों पीरबाबा कुंड, मोहन घाट, माई घाट, बाबा घाट, गाटर घाट, सुर्खी टैंक सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने जिला पुलिस-प्रशासन द्वारा लगाए गए क्रेन, नाव, प्रशिक्षित गोताखोर, एसडीआरएफ एवं होमगार्ड टीम, चिकित्सा दल व एम्बुलेंस की व्यवस्थाओं को परखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से एसडीआरएफ टीम को अलर्ट एवं हर स्थिति में तत्पर रहने के निर्देश दिए। अनंत चतुर्दशी पर जिलेभर में होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। एसपी कटनी के मार्गदर्शन में सभी प्रमुख विसर्जन स्थलों पर विशेष निगरानी व व्यवस्थाएँ की गई हैं। क्रेन व जेसीबी की व्यवस्था बड़ी प्रतिमाओं के सुरक्षित व गरिमामय विसर्जन के लिए की गई हैं। रात्रिकालीन विसर्जन के दौरान अतिरिक्त रोशनी व निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रकाश व बिजली बैकअप रखा गया है।जलाशयों के चारों ओर सुरक्षा के लिए मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। नावों के साथ प्रशिक्षित गोताखोर एवं जवान हर स्थल पर तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित उपचार के लिए आकस्मिक चिकित्सा टीम को तैनात किया गया था।

### भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने थाना कोतवाली परिसर में पुलिस बल की ब्रीफिंग लेते हुए जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा और असामाजिक तत्वों पर पैनी निगाह रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों को एसपी ने स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी की सुरक्षा में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। त्योहारों के दौरान धार्मिक स्थलों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील इलाकों में विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिलेभर में 450 से अधिक पुलिस बल सक्रिय रूप से ड्यूटी पर रहेगा। प्रत्येक थाना प्रभारी को सतर्क रहकर नियमित गश्त करने और जनता से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस कप्तान ने शहर का भ्रमण कर लिया जायजा

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया ने शनिवार शाम शहर के मुख्य मार्गों एवं विसर्जन स्थलों का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बरही नाका, कमानिया गेट, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा चौक, सुक्खन चौक, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए गाटर घाट तक सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। एसपी कटनी ने संबंधित अधिकारियों एवं जवानों को चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुचारू रखने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा शहर वासियों की सुरक्षा को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश देते नजर आए। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में तैनात जवानों एवं अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर हिदायत दी की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यदि कोई सुरक्षा एवं शांती को भंग करने का प्रयास करें तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं।




कानून-व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस के द्वारा विशेष नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की शांति भंग करने वाली गतिविधि पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

त्योहारों में निकाले जाने वाले जुलूस, रैली व सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएँ। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## निकला चल समारोह, विसर्जन स्थलों पर प्रशासनिक ओर पुलिस अमला रहा सक्रिय

तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद में शनिवार को अंनत चतुदर्शी पर्व उत्सवी माहौल में मनाया गया। मंदिरों व घरो में दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला। साथ ही हवन पूर्णाहुति, कन्या पूजन कर कन्या भोज करवाया गया व भंडारे आयोजित हुए जिसमे लोगो ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम को गणेश प्रतिमाओं को लेकर चल समारोह निकाला गया।

चल समारोह मे ढोल नगाड़ों की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। चल समारोह स्लीमनाबाद मुख्य मार्गो से होते प्रतिमाओं के विसर्जित होने के लिए कटनी नदी स्थल पहुँचे। जहां विधि विधान से गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की गई। इस दौरान अगले बरस तू जल्दी आने की गुंज के साथ शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना के बाद बप्पा को भक्तो ने विदाई दी। विदाई देते समय भक्तो की आंखे नम हो गई। इसके साथ दस दिनों से चला आ रहा गणपति की भक्ति आराधना के पर्व का समापन हो गया।



स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में प्रशासन व पुलिस की चौक-चौबंध व्यवस्था के बीच प्रथम पूज्य की विदाई हुई। स्लीमनाबाद मैं कटनी नदी घाट पर विसर्जन स्थल बनाया गया।जहाँ ग्रामीण अंचलों से भी गणपति प्रतिमाओ को लेकर विसर्जन के लिए लेकर पहुँचे। विसर्जन के लिए बनाए गए घाट पर पुलिस का बल मौजूद रहा।जिसने शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमाओं को विर्सजित करने लोगो को सन्देश देते रहे। इस दौरान तहसीलदार सारिका रावत, थाना प्रभारी सुदेश सुमन, हल्का पटवारी संजय बेन राजस्व व पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**ढीमरखेड़ा जनपद की बिचुआ पंचायत का मामला, जांच की मांग**

# पंचायत दर्पण के पोर्टल में बिल के जगह काला पेपर, फर्जी बिलों से राशि आहरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढींमरखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली बिचुआ पंचायत में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े का खेल सामने आया है। सरपंच और सचिव ने मिलकर लाखों रुपए की राशि फर्जी बिल लगाकर सरकारी खाते से निकाल ली, जिसका खुलासा तब हुआ जब इन फर्जी बिलों को ऑनलाइन सरकारी पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। ये काले कागज़ अब सबके सामने पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पंचायत में बिना किसी काम को किए ही उसके फर्जी बिल बनाए गए और फिर इन बिलों के आधार पर लाखों की राशि निकाल ली गई। यह राशि मुख्य रूप से उन कामों के नाम पर निकाली गई जो या तो हुए ही नहीं या फिर अधूरे छोड़ दिए गए। इन फर्जी बिलों में सरपंच और सचिव दोनों की मिलीभगत साफ नजर आ रही है।




### इस तरह हुआ खेल

ऑनलाइन भुगतान उन लोगों के खातों में किए गए हैं जो न तो संबंधित काम से जुड़े थे और न ही उनके नाम पर कोई काम आवंटित हुआ था। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ कागजी घोटाला नहीं है, बल्कि इसमें ऑनलाइन भुगतान प्रणाली का भी दुरुपयोग किया गया है। इस भ्रष्टाचार में कमीशन के खेल की भी बात सामने आ रही है। स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो सके और जनता के पैसों का दुरुपयोग रोका जा सके।

### इनका कहना है

इस मामले में जब जनपद पंचायत सीईओ से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, यह एक गंभीर मामला है और इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हम पोर्टल पर अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं और जल्द ही उचित कार्रवाई करेंगे।

## सीएम ने आपदा प्रभावितों के खाते में राशि की अंतरित



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को प्रदेश के अन्य जिलों सहित कटनी जिले में प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि का अंतरण किया ।मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अन्य जिलों के किसान हितग्राहियों से चर्चा भी किया। कटनी जिले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एन आई सी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में मौजूद रहकर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, डिप्टी कलेक्टर विक्की सिंह मारे उइके , अधीक्षक भू-अभिलेख अमिता गर्ग और लाभार्थी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण को वर्चुअली देखा और सुना। जिले के जनपद पंचायतों के मुख्यालयों में भी वेबकास्ट लिंक के माध्यम से लोगों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा और सुना। जिले के उमरियापान निवासी दो हितग्राहियों ने पान बरेजा की क्षति स्वरूप मुख्यमंत्री द्वारा उनके बैंक खाता में राशि अंतरित करने पर खुशी व्यक्त की। इनमें रामकिशोर चौरसिया को सात हजार रुपए और संतोष चौरसिया को साढ़े सात हजार रूपए की राशि पान बरेजा की क्षतिपूर्ति स्वरुप प्रदान किए गए।

## महापौर श्रीमती सूरी के सराहनीय नवाचार की नगर मे मुक्तकंठ से हो रही प्रशंसा

# नवाचारः जल प्रदूषण को रोकने चलित विसर्जन कुंड सुविधा की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा विशेष पहल करते हुए घरों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगरवासियों को पहली बार दो सुसज्जित चलित विसर्जन कुंड की सुविधा उपलब्ध कराई गई। महापौर के इस सराहनीय नवाचार की नगर मे चारों ओर मुक्तकंठ से प्रशंसा की जा रही है। इस पहल से न केवल गणेश प्रतिमाओं का पर्यावरण अनुकूल विसर्जन संभव होगा, बल्कि नदियों और तालाबों के जल प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा। नागरिकों ने महापौर के इस प्रयास को सुविचारित और जनहितैषी कदम बताते हुए कहा कि इससे सफाई व्यवस्था और धार्मिक आयोजनों की गरिमा दोनों को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा चलित विसर्जन कुंड के माध्यम से नगरीय क्षेत्र के अलावा उपनगरीय क्षेत्र के नागरिकों को भी इसकी सुविधा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस सेवा के माध्यम से श्रद्धालुओं को विसर्जन के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और नगर में स्वच्छता व सुव्यवस्था बनी रहेगी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगरवासियों से नगर निगम की चलित विसर्जन कुंड की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बनने का आग्रह किया है।






नागरिकों की सुविधा हेतु दो सुसज्जित 709 बग्घी वाहनों में निर्मित कृत्रिम कुंड के शुद्ध जल में प्रतिमाओं का विसर्जन कर नागरिक गण जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे है। नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से एक वाहन नगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्गों में तथा दूसरा सुसज्जित वाहन माधवनगर क्षेत्र में नागरिकों को प्रतिमा विसर्जन की सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने नागरिकों से नगर निगम के इन सुसज्जित वाहनों में प्रतिमाओं के विसर्जन का लाभ प्राप्त कर पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

### कर्मचारी घाटों पर तैनात

भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा नगर के चिन्हित घाटों पर कृत्रिम कुंडों का निर्माण कराया गया है। शमहापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। विसर्जन कुंडों में नागरिकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः 10 बजे से ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिए जाने का क्रम जारी है।

विसर्जन के दौरान नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके मद्देनजर निगमायुक्त नीलेश दुबे स्वयं घाटों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर गठित दल के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों के प्रतिमा विसर्जन की सुविधा हेतु विसर्जन घाटों पर पर्याप्त साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, टेबिल कुर्सी, छायादार बैठक व्यवस्था, कुंडों की सफाई की दृष्टि से पृथक से कर्मचारियों के अलावा ही बड़ी मूर्तियों के विसर्जन हेतु हाइड्रा वाहन, जेसीबी आदि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण की जाकर सुविधाजनक एवं सुरक्षित तरीके से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जा रहा है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह रोहनिया बायपास सीएम स्कूल के पास बाइक सवारों की अज्ञात वाहन से भिड़ंत हो गई जिसमें मोटर साइकिल सवार अभिषेक सिंह 38 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश एवं सोनू सिंह 36 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का प्राथमिक उपचार शासकीय स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में किया गया। हादसे में अभिषेक सिंह का एक पैर टूट गया है एवं अन्य चोटे आई है वहीं सोनू सिंह देवरी हटाई निवासी को भी गंभीर चोटें आई हैं जिसमें उनका बायां पैर टूट गया है और चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों गंभीर रूप से घायल मरीजों को कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों घायल व्यक्ति बड़वारा देशी एवं अंग्रेजी शराब के कर्मचारी हैं। जैसे वहां दुर्घटना हुई पूरी रोड में शराब की बोतलें चारों तरफ फैल गई थीं जिन्हें उनके कर्मचारियों के द्वारा आनन फानन में तुरंत सड़क से समेट कर ठिकाने लगाया गया जिससे ये प्रतीत होता है कि आसपास के गांव में अवैध विक्री हेतु शराब को पहुंचाने के लिए दोनों कर्मचारियों के द्वारा माल को मोटर साइकिल के माध्यम से ले जाया जा रहा था। ठेकेदार के गुर्गे द्वारा गांव गांव पैकारियों में अवैध शराब की खेप पहुंचाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कन्या हाई स्कूल में सेवानिवृत शिक्षक का हुआ सम्मान

**सिलौंडी।** सिलौंडी के कन्या हाई स्कूल में प्राचार्य विशाल वरकडे ने सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर ढीमर खेड़ा बीआईओ लखन बागरी और प्राचार्य विशाल वरकडे ने आदिवासी ग्राम कारोपानी में आजादी के बाद पहली लड़की जिसने 10 वी में प्रवेश लिया संगीता बैगा पिता कमलेश बैगा का सम्मान किया । बीआईओ बागरी ने संगीता बैगा को 10 वी पास होने पर 5000 रुपया का पुरस्कार साथ ही 12 वी पास होने पर 10000 रुपया देने की घोषणा की है । इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक बीरबल राय ,जयनारायण राय , वीरेंद्र कुमार हल्दकार,शेष नारायण मिश्रा,मोहन सिंह , गौरी शंकर राय, सुशील जैन,भीष्म लाल तिवारी ,श्याम नारायण राय,राजकिशोर राय ,अरविंद राय सहित का सम्मान हुआ । कार्यक्रम में रजनीकांत राय ,मंडल सोशल मीडिया धीरज जैन, अंकित बागरी ,अशोक हल्दकार शरद गुप्ता ,रश्मि बागरी ,स्वेता जैन ,सविता साहू सहित शिक्षक गण और छात्रा की मौजूदगी रही ।

### इको फ्रेंडली तरीके से किया गया गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**स्लीमनाबाद।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में ग्रीन गणेश सिद्ध गणेश अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ माटी के गणेश जी की प्रतिमा को हवन एवं पूजा संपन्न कर प्रसाद वितरित किया गया तथा उसके पश्चात प्रतिमा का विसर्जन इको फ्रेंडली तरीके से बाल्टी में किया। इको फ्रेंडली विसर्जन के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान प्राचार्य इंद्र कुमार पटेल सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस, भाईचारे का दिया पैग़ाम



**बरही।** नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही हर्षोल्लास और शांति के साथ निकाला गया। इस मौके पर नगर के गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य मार्गों तक माहौल जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की रौनक से सराबोर रहा जगह-जगह से अमन, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश दिया गया, वहीं उपस्थित लोगों ने जुलूस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कई इलाकों से होकर गुज़रा जुलूस जामा मस्जिद बरही से प्रारंभ होकर नगर की प्रमुख सड़कों मस्जिद चौक, स्टेशन रोड, मेंन मार्केट, बस स्टैंड, बढ़ई मोहल्ला, सराफा मार्केट होते हुए मजार शरीफ के पास संपन्न हुआ। पूरे मार्ग पर स्वागत द्वार बनाए गए, जिनसे होकर जुलूस गुज़रा। इस दौरान नगरवासियों ने फूल बरसाकर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस के दौरान मुस्लिम भाईयों ने सरकार की आमद पर खुशी का इज़हार किया।

### संदीपनी विद्यालय की छात्राओं का संभाग स्तर में हुआ चयन

**बरही।** तहसील अंतर्गत संदीपनि विद्यालय करेला की छात्राएं खो खो गेम प्रतियोगिता जबलपुर संभाग में आयोजित की गई जिसमें जिले के कई विद्यालय की छात्र छात्राएं के साथ में भाग लिया और जीत हासिल की छात्राएं नेहा सिंह अनुराधा सिंह शशि सिंह व छात्र अभिषेक सिंह का हुआ चयन अपने विद्यालय का नाम रोशन किया पीटीआई शिक्षक ब्रजराज सिंह का सराहनीय योगदान रहा प्राचार्य आर .के. शुक्ला व समस्त शिक्षक शिक्षिका ने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है।

भगवान वासुपूज्य का मनाया गया मोक्ष कल्याणक ,चढ़ाए गए निर्वाण लाडू

# श्रीजी की निकली शोभायात्रा, जियो और जीने दो का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



जैन समाज के पर्वाधिराज महापर्व दसलक्षण पर्व भक्तिभाव से मनाया गया।पर्युषण पर्व के तहत दस दिन से तप,त्याग व साधना के साथ आयोजन हुए। प्रतिदिन भगवान का अभिषेक ,शांतिधारा पूजन प्रवचन किये गए। धर्म की वाणी का रसास्वादन श्रावक व श्राविकाओं द्वारा किया गया।जिसका शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक मनाया गया।स्लीमनाबाद स्थित पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे इस अवसर पर अभिषेक, पूजन, शांति धारा की गई।इसके पश्चात निर्वाण लाडू समर्पित किया गया।

### निकाली गई पालकी शोभायात्रा

शनिवार को महापर्व के आखरी दिन जैन समाज ने श्रीजी को पालकी में विराजमान कर उनकी नगर में पारंपरिक हर्षोल्लास एवं धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली ।शोभायात्रा के माध्यम से जियो ओर जीने दो,सत्य व अहिंसा का संदेश दिया गया। बेंडबाजो के साथ जगह जगह श्रीजी की आरती उतारकर धर्म प्रभावना समाजजन कर रहे थे । युवक जैन धर्म की ध्वजा लेकर चल रहे थे । महिलाये पिंक कलर की साड़ी, वस्त्र व पुरुष सफेद वस्त्र व गले मे दुपट्टा पहने हुए थे ।

पालकी शोभायात्रा पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ हो कर स्लीमनाबाद तिराहे से होकर पुनः जैन पहुँची। जहाँ श्रीजी को पांडुक शिला पर विराजमान कर पूजन अर्चना कर श्रीजी के अभिषेक के लिए कलशों की बोलियां व आरती एवं श्रीमाल की बोलिया लगाई गई । उन बोलियों को पुण्याजर्न श्रावको ने बोली लगाकर पुण्याजर्न का लाभ लिया। इस दौरान पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे धार्मिक विभिन्न प्रतियोगिताये आयोजित की गई ।जिसमे सफल प्रतियोगियो को सम्मानित भी किया गया।

### जीवन रूपी सरिता को पार करने नौका के समान है दशलक्षण पर्व

पर्यूषण पर्व के इन दस दिनों में स्लीमनाबाद स्थित पार्श्वनथ दिगम्बर जैन मंदिर मे सांगानेर से पधारे विद्वान पंडित आनंद भैया के प्रवचन सुनने का अवसर संपूर्ण समाज को प्राप्त हुआ। उन्होने दस लक्षण पर्व अर्थात उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम अर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन, उत्तम ब्रम्हचर्य आदि दस धर्मो के पालन करने की महिमा बताते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने के लिए इन दस धर्मो का पालन करना जीवन रूपी सरिता को पार करने के लिए नौका के समान है।

चारित्र प्रधान भारतीय संस्कृति है। जिसमें चरण की बाद में, आचरण की पूजा प्रथम होती है। जिसका आचरण का आईना जितना साफ और निर्मल रहता है, उसकी पूजा एवं गुणानुवाद सदा सदा होता है। जितेन्द्रिय, संयमी व्यक्ति को स्त्री तृण के समान होती है, और इच्छा रहित निर्लोभी मनुष्यों के लिए सारा संसार ही तिनके के समान दिखता है। जिसे अपनी आत्मा से राग होता है, वही उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म के पास होता है, वहीं उत्तम साधक माना जाता है, हम भी ऐसे धर्म को पास रखें। इस दौरान सकल दिगंबर जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही।



## गुरुजनों के सम्मान में दी गई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

तहसील अंतर्गत करौंदी खुर्द में संचालित सुधा स्मृति हाई स्कूल में डां सर्व पल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तुत किया और अपने गुरुजनों शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया हस्य नाटक के माध्यम से अपने शिक्षकों की विशेषताओं की सटीक नकल कर सभी को खूब हंसाया इस टीचर्स डे मिमिक्री नामक प्रस्तुति ने सभागार में गुदगुदाहट का माहौल बना रहा साथ ही छात्रों द्वारा गुरुजनों को सम्मानित करने की परंपरा ने शिक्षक व छात्र के पवित्र रिश्ते की मिसाल पेश की।

यह कार्यक्रम निसंदेह सम्मान स्नेह और उल्लास की यादें छोड़ गया जो सभी के हृदय में लंबे समय तक ताजा रहेगी शिक्षक दिवस का पर्व अत्यंत उत्सव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विद्यालय के मार्गदर्शक मुख्य अतिथि ललित दुबे प्राचार्य राकेश उरमलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### इनकी रही उपस्थिति

विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका मनोज द्विवेदी प्रदीप बंशकार अभिषेक गुप्ता केके द्विवेदी डीडी केवट अशोक निगम जीपी द्विवेदी शिवम मिश्रा बघेल मैडम प्रियंका जानकी सिंह भावना मैडम रश्मि मैडम प्रिया मिश्रा नेहा अनामिका मैडम शिवानी मिश्रा दीपाली मिश्रा व कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक शुभम मिश्रा ने किया।

महाविद्यालय बरही में हुआ एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## रासेयो गतिविधियों, प्राप्त होने वाले प्रमाण पत्रों व विभिन्न पुरस्कारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रुकमणी प्रताप सिंह जिला संगठक रासेयो जिला कटनी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में डॉ. रुकमणी प्रताप सिंह द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों, बी एवं सी सर्टिफिकेट के साथ-साथ विभिन्न पुरुस्कारों के बारे में जानकारी दी और एन.एस.एस. लेने एवं उसमें कार्य करने से विद्यार्थियों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने एनएसएस के उद्देश्य, नियम एवं पंजीकरण प्रक्रिया को समझाते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं बताया कि विद्यार्थी किस प्रकार से महाविद्यालय में संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है। साथ ही उन्होंने माय भारत पोर्टल में पंजीयन प्रक्रिया के संबन्ध में भी पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी एवं युवाओं से समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए निरंतर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि एन.एस.एस. विद्यार्थियों को नेतृत्व एवं समाजसेवा का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ देश लिए जिम्मेदार नागरिक बनने का भी अवसर देता है।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. अरविन्द सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, मनीष मिश्रा, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ अरविन्द शुक्ला, अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, डॉ. कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत, सोनम पाण्डे, संतोषी तिवारी आदि मौजूद रहीं।

## जिसने इंद्रियों को जीत लिया उसने जगत को जीत लिया



दशलक्षण पर्व कें दसवे दिन जैन बोर्डिंग हाउस में प.पू.मुनिश्री पदम सागर महाराज ने उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म पर चर्चा करते हुये बतलाया कि जिसने इन्द्रियों को जीत लिया उसने जगत को जीत लिया उन्होने कहां ब्रम्हचर्य अर्थात ब्रम्ह स्वरूप आत्मा में चर्या करना, लीन होना उसका अस्वादन करना यह उत्तम ब्रम्हचर्य का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है जो हमें संयमीत और आत्मा के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि उत्तम ब्रम्हचर्य का तात्पर्य केवल काम वासना के त्याग का ही नहीं होता बल्कि स्त्री विषयक आकर्षण और भौतिक राग्रद्वेष से भी आत्मा का पूर्णरूप से विचलित नहीं होना आत्म–अन्वेषण (ब्रम्ह–भाव) का निरंतर अनुभव बनाये रखना है। इसमें परिग्रह और लोभ का त्याग करना अत्यावश्यक है। हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर के अध्यक्ष कैलाश जैन सौगानी ने बतलाया कि 7 सितम्बर को प्रात: 8 बजे श्रीजी की भव्य शोभायात्रा( विमान यात्रा) मंदिर जी से प्रारंभ होकर कॉलोनी के विभिन्न मार्गो से होते हुये श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग. जैन हाउसिंग बोर्ड मंदिर में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो जाऐगी जहां श्रीजी का महमस्तकाभिषेक श्रद्धालुजनों द्वारा किया जायेगा।

## 35.65 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माधवनगर क्षेत्र में 35 लाख 65 हजार रुपए की लागत से कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने हेमू कालाणी वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुमन राजू माखीजा एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में किया जाकर उन्हें सौंपा गया।

हेमू कालाणी वार्ड में जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है उनमें एम.ई.एस. कालोनी में 12.20 लाख रुपए से सी.सी. रोड निर्माण, जेठानंद गली में 15.49 लाख रुपए से सी.सी. रोड निर्माण सहित रोड के दोनों तरफ 7.96 लाख रुपए से पेवर ब्लाक फ्लोरिंग का कार्य शामिल है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम लगातार नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहा है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर के समुचित विकास के लिए निरंतर सहयोग केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से मिल रहा है। आगामी समय मैं नगर में जो भी विकास की कमी है उन्हें भी जल्द ही पूर्ण करने के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उन्होनें विकास कार्यों को तय गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

क्षेत्रीय पार्षद सुमन माखीजा ने बताया कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से हेमू कालाणी वार्ड के साथ साथ संपूर्ण माधवनगर का स्वरूप और निखरेगा तथा क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सकेगा।

धोखाधड़ी करने की शिकायत पर पुलिस ने की कार्यवाही

## धोखाधड़ी कर फर्जी सिम एक्टीवेट कर बेचने वाले आरोपित एजेंट को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद पुलिस ने धोखाधड़ी कर फर्जी सिम बेचने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सिम विक्रेता के पास से ग्रामीण के पहचान पत्र भी बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम झरौली निवासी 40 वर्षीय मूरत सिह पिता चन्द्रभान सिह राजपूत अपने साथी आनंद कुमार चौधरी पिता छोटे लाल चौधरी 36 वर्ष निवासी ग्राम पाकर थाना बाकल के साथ थाने आकर बताया की सिम विक्रयकर्ता एजेन्ट जितेन्द्र बर्मन निवासी पाकर के व्दारा मेरे आधारकार्ड, फोटो एंव अगूठे का प्रिन्ट लेकर बेईमानी व कपटपूर्वक दुरुपयोग कर व धोखाधडी कर फर्जी सिम एक्टीवेट कर बेंची गयी है। रिपोर्ट पर आरोपी जितेन्द्र बर्मन के विरुद्ध पृथम दृष्टया अपराध धारा 318(4) बीएनएस 2023 एवं धारा 66C आई टी एक्ट 2008 का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया के द्वारा टीम गठित कर आरोपी को पकड़ने के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया। मुखबिर ने सूचना दी की आरोपी जितेन्द्र बर्मन सुबह सुबह घर पहुचा है और भागने की फिराक में है। सूचना पर आरोपी जितेन्द्र बर्मन को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर आरोपी से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह अपने घर पर ही मोबाईल और एयरटेल व जियो कंपनी की सिमो को एक्टीवेट करके बेंचने एवं सिम पोर्ट करने का काम करता है। उसने बताया की वह एयरटेल कंपनी मे (pos) सिम विक्रयकर्ता एजेन्ट है। उसने पूछताछ में बताया की जनवरी माह में मूरत सिंह मेरे पास खाता खुलवाने आया था तब मैनें उसका आधारकार्ड लेकर अपने मोंबाईल से उसका फोटो खींचा था और उसके अगले दिन मूरत सिहं के घर ग्राम झरौली जाकर भी उसकी फोटो खीची थी और बायोमेट्रिक डिवाईस उसके घर ले जाकर अंगूठा लगवाया था। 2 सिमे एयरटेल कंपनी की व मूरत सिहं पिता चन्द्रभान सिंह मकान नं 55 वार्ड नंबर 11 झरौली बहोरीबंद के नाम पते से एक्टिवेट किया और आनंद कुमार चौधरी मेरे पास अपने मोबाईल नंबर को एयरटेल से जियो में पोर्ट कराने आय़ा था तब मैनें उससे भी उसका आधार कार्ड लिया था और अपने मोबाईल से उसकी फोटो खींची थी और आनंद कुमार चौधरी पिता छोटेलाल चौधरी निवासी पाकर थाना बाकल के नाम पते से 2 फर्जी सिम नंबर एयरटेल कंपनी की एक्टिवेट किया था। चारो फर्जी सिम मैने (pos) से एक्टीवेट की थी जो ग्राहको को पांच पांच रुपये लेकर बेंच दिया था। आरोपी जितेन्द्र बर्मन के कब्जे से फर्जी सिम एक्टीवेट करने मे उपयोग किया गया मोबाईल व सिम नं. 7828954078 (2) बायोमेट्रिक मशीन व मूरत सिह और आंनद चौधरी के आधारकार्ड की प्रति विधिवत जप्त कर आरोपी जितेन्द्र बर्मन को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

मेहगांव पंचायत सरपंच ने कहा निर्माण के दौरान नहीं हुए उचित इंतजाम

## अंडरपास पुल बना लोगों की मुसीबत, पानी भरने से आवागमन हुआ कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़



मेहगांव से देवरा पहुंच मार्ग पर अंडरपास पुल निर्माण के दौरान मनमानी बरती गई जिसका खामियाजा बरसात के दिनों में ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। मेहगांव पंचायत के सरपंच सुरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि अंडरपास पुल निर्माण के दौरान एसीसी अडानी सीमेंट प्रबंधन कंपनी द्वारा मापदंडों का ध्यान नहीं रखा गया और संकरी पुलिया का निर्माण करा और पानी निकासी के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं कराया।

### हादसे में हो रहे चोटिल

सरपंच श्री बघेल ने बताया कि बरसात के कारण अंडरपास पुल में पानी भरने के कारण लोगों का वहां से आवागमन करना मुश्किल हो गया है। जान जोखिम में डाल कर अंडरपास पुल से गुजरते समय कुछ लोग चोटिल भी हो चुके हैं। वहीं देवरा आदि क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र छात्रा स्कूल नहीं जा पाते। सरपंच ने बताया कि यहां से आधा सैकड़ा से अधिक गांवों के लोग आवागमन करते हैं लेकिन अंडरपास पुल पर पानी भरने से अब उन्हें 6 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करके नीलकंठेश्वर मार्ग से आना पड़ता है। इससे पूर्व इस मामले को लेकर सरपंच द्वारा शिकायत भी की गई थी जिसमें कार्यालय महाप्रबंधक मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा जांच भी कराई गई थी और अनियमितताएं सामने आने के बाद सुधार करने की हिदायत भी कम्पनी प्रबंधन को दी गई थी लेकिन आज भी आलम ढाक के तीन पात हैं। सरपंच ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा आवाज उठाए जाने के बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा पुल में भरे पानी को निकालने के लिए पम्प लगवाना पड़ा।

### पानी भरने से समस्या

ग्राम पंचायत मेहगाँव एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से एसीसी अडानी सीमेंट अमेहटा प्रोजेक्ट के साइडिंग पुल में पानी भरने की समस्या बनी हुई है। सरपंच बघेल का कहना था कि पानी निकासी के लिए जो नाले हैं वो सभी जाम हो गए हैं। एसीसी अडानी सीमेंट बिजनेस प्रबंधन के ध्यानाकर्षण के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए जिसकी वजह से पानी अंडर पास पुल में भर जाता है। पुल की स्वतंत्र तकनीकी जाँच कराने, पानी निकासी के समुचित इंतजाम करने आदि की मांगे सरपंच और ग्रामीणों द्वारा रखी गई हैं।

कंपनी के कारण लोगों को प्रदूषण और बीमारियां परोसी जा रही है। सरपंच ने बताया कि सीएसआर मद से आज तक ग्राम पंचायत में एक भी विकास कार्य नहीं कराए गए। इसकी जानकारी भी ग्राम पंचायत के माध्यम से मांगी गई थी लेकिन कंपनी प्रबंधन द्वारा जानकारी नहीं प्रदान की गई।

क्षेत्र के सड़कें पूरी तरह बदहाल हैं और हादसों को निमंत्रण देने का काम कर रही हैं। मैटेरियल लेकर प्लांट तक जाने वाले भारी वाहनों के कारण सड़कों का दम उखड़ चुका है। हालात यह हैं कि सड़कों से पैदल चलना भी दूभर हो गया है। कई बार शिकायतों के बाद भी एसीसी अडानी सीमेंट बिजनेस प्रबंधन द्वारा कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए। वहीं प्रशासन द्वारा भी कंपनी प्रबंधन की मनमानी और लापरवाही के विरुद्ध कार्यवाही करने में परहेज किया जा रहा है।



## ईद मिलादुन्नवी पर निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

विकासखण्ड मुख्यालय सहित सुनारी, भनपुरा, देवरीहटाई, सिंघनपुरी, भुड़सा, भजिया, बिजोरी समूचे मुस्लिम इलाकों में ईद मिलादुन्नबी बड़ी शान और सौहार्द के साथ मनाया गया। शुक्रवार की देर शाम बड़वारा मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस में चल रहे लोगों के लिए प्रसाद के रूप में खाने पीने के सामग्री बांटी गई। इमाम चौक से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी बडी ही शान-ए-शौकत से निकाला गया। जूलूस ईमाम चौक से मुख्य बाजार से मिशन चौक बड़वारा से बस स्टैंड होते हुए भ्रमण करते हुए परमानंद थाना तिराहा से होते हुए उमंग नगर पहुंचा फिर वहां से जूलूस को वापस करते हुए ईमाम चौक में समाप्त किया गया । जुलूस में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और अपने नबी की शान मे शांति भाईचारे का पैगाम देते हुए नारे लगाते रहे। जूलूस में हाफ़िज़ जमील शान मोहम्मद, आबिद खान, साबिर खान, मोहम्मद सलामत, मोहम्मद असलम, मोहम्मद रमजान, मोहम्मद रहमान आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री श्री पटेल आज दमोह आयेंगे

**दमोह** । प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल आज 07 सितम्बर को बहुती जिला मऊगंज में मुख्यमंत्री जी के साथ कार्यक्रमों में सम्मिलित होगें। आप कार्यक्रम उपरांत दमोह आयेंगे।

### शाहनगर में ईद मिलाद-उन-नबी का भव्य जुलूस गूंजे नारे और दिखाई दी गंगा-जमुनी तहज़ीब

**शाहनगर।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर शाहनगर नगर में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के धर्मप्रेमियों द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। सभी के चेहरे पर हर्ष और उल्लास साफ झलक रहा था। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए थे, जिन पर पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस की शुरुआत सुबह मस्जिद से की गई, जिसके बाद यह नगर की मुख्य सड़कों और गलियों से होते हुए विभिन्न मार्गों से गुज़रा। इस दौरान धार्मिक झंडे, तिरंगे और हरे झंडों की शोभा देखते ही बनती थी। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं युवा ढोल और डीजे की धुन पर झूमते नज़र आए। जुलूस के मार्ग में जगह-जगह लंगर और जलपान की व्यवस्था की गई थी। शाहनगर पेट्रोल पंप के समीप विशेष रूप से सभी जुलूस में शामिल लोगों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई, जहाँ पर लोगों ने मिलजुलकर नाश्ता किया और एक-दूसरे को ईद मिलाद की बधाई दी। शामिल लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी और मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।


### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना में हुआ वृक्षारोपण एवं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम

**पन्ना।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना मे बी.आर.सी.सी. डॉ0 कविता त्रिवेदी की अनूठी पहल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विकास खण्ड के अकादमिक समन्वयक, जन शिक्षकों एवं कार्यालीन कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षा रोपण किया गया जिसमें नीम, आम, कटहल, बेल, अशोक आदि पेड़ लगाए गए एवं उनकी देखभाल का जिम्मा लिया गया। ततपश्चात डॉ0 कविता त्रिवेदी द्वारा शिक्षक दिवस को दृष्टिगत रखते हुए सभी विकासखंड एकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षको का सम्मान किया।

## पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन मनाया ब्रम्हचर्य धर्म, ब्रम्हचर्य सबसे बड़ी स्वतंत्रता है

# जब तक आप दूसरे की तरफ बह रहे हैं तब तक आप गुलाम हैं : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



उत्तम ब्रम्हचर्य दसलक्षण का अंतिम दिवस के दिन पूज्य मुनिश्री 108 प्रयोगसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में सर्वप्रथम प्रातः 6 बजे से 20 प्रतिमाओं का महाभिषेक हुआ तत्पश्चात मुख्यपात्र चयन होकर 8 कलशों से शांतिधारा हुई। उसके बाद पूज्य मुनिश्री के सानिध्य में पूजन हुई और पूज्य मुनि श्री ने प्रवचनो में उत्तम ब्रम्हचर्य की महिमा को बताते हुए कहां कि वर्तमान में विश्व आज अगर सबसे जायदा जिस आग में जल रहा है तो है विषयों की ज्वाला, भारत की संस्कृति आज स्वयं में विश्व के लिए एक धर्मशास्त्र के रूप में रहा है, यहाँ साधना का जो स्तर मानव ने पाया है वो अन्य देशों में नहीं देखने मिला, इस साधना के पीछे, या राष्ट्र की धर्मवृद्धि के पीछे एक मात्र कारण था साधको की प्रबल कठोर ब्रह्मचार्य की साधना के साथ ईश्वर की प्राप्ति के प्रयास, जो उन्हें भगवान स्वरूप प्रदान करता था। आज विश्व में जिन्होंने भी साधुता के, या तपस्या के उच्चतम शिखर को पाया है उन सबने ब्रह्मचार्य को जीवन में अपनाया. किंतु आज भारत जैसे महान देश ने अपनी सहज निर्मल जीवन शैली को छोड़कर पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण जबसे शुरू किया तब से भारतीय लोंगो का मानसिक पतन शुरू हो गया, विधार्थियो के जीवन में सफलता का एवं गृहस्थी जीवन में एवं साधक के जीवन में एक ही मंत्र एक ही प्रमुख मार्ग लक्ष्य को पाना ही ब्रह्मचार्य है। इसके भेद भी बताये गए हैं यह मन -वचन -काय तीनों की साधना का नाम है, एक व्यक्ति मात्र अगर इसकी साधना करे तो भी अपने सपनें अपने लक्ष्य को आज भी पूरा कर सकता है, हमारा खान पान हमारा परिवेश रहन -सहन सब इसे प्रभावित करता है, आज मानव की सफलता में सबसे बड़ी बाधा का कारण बनता है व्यक्ति का नैतिक पतन, जिसमें गिरकर व्यक्ति अपना सामजिक-मानसिक -एवं शारीरिक स्तर खो देता है आज पीढ़ी को इसकी उपयोगीता बतानी होगी, जैन धर्म में मूल मंत्र यही है और साधना इसी को अंगीकार करके ही प्रारम्भ होती है आचार्य श्री विद्यासागर जी महराज ने अपना पूरा जीवन इसकी साधना में दिया इसी का परिणाम है की उनसे प्रभावित होकर हजारों समान्य मानव ने पूजता प्राप्त की और अपना एवं समाज का कल्याण किया उपरोक्त उदगार पूज्य मुनि श्री प्रयोग सागर जी ने उत्तम ब्रह्मचार्य के दिन पर व्यक्त किये, सुबह से पूजन अभिषेक के साथ यह दिवस स्मृति पटल पर अंकित हुआ, दोपहर में पूज्य मुनिवर के श्री मुख से तत्वार्थ सूत्र का वाचन हुआ एवं अर्घ समर्पित हुए.। दोपहर 2 बजे से तत्वार्थ सूत्र का वाचन हुआ शाम को 108 दीपकों के साथ महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। 7 सितंबर को प्रातः काल पूज्य मुनि श्री के सानिध्य में भगवान का मंगल अभिषेक होगा एवं प्रवचन होंगे उसके बाद दोपहर में भव्य श्रीजी की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी जिसमें विधिनायक भगवान श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा विमान में होगी और पूज्य मुनि श्री के साथ सभी भक्तजन शोभायात्रा में रहेंगे अनेकों झाकियां सजाई जाएगी।

## दस लक्षण महापर्व के समापन पर निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा



**बनवार।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जैन समाज द्वारा दस लक्षण महापर्व का समापन गुरुवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकालकर किया गया। बड़े मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में श्रीजी को विमान में विराजमान कर आकर्षक जुलूस निकाला गया, जो नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड से छोटे जैन मंदिर पहुंचा। इसके बाद विमान बाजार स्थित पांडुक शिला पर पूजन, अभिषेक, आरती और भजन-कीर्तन के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। तत्पश्चात शोभायात्रा का समापन बड़े मंदिर परिसर में किया गया। जुलूस के दौरान बैंड पार्टी द्वारा जैन भजनों की मधुर धुनें प्रस्तुत की गईं। बच्चे हाथों में केसरिया ध्वज थामे थे, पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा व टोपी में और महिलाएं गुलाबी साड़ियों में पारंपरिक परिधान धारण किए हुए थीं। मुख्य मार्गों से गुजरते समय जगह-जगह धर्मावलंबियों ने श्रीजी की आरती उतारी और श्रद्धाभाव से स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान नगर भक्ति और धार्मिक उत्साह से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## पर्युषण महापर्व के अंतिम दिवस श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई

### प्रथम बार तीनो मंदिर की एक साथ पालकी निकाली गई



**जबेरा।** दसलक्षण महापर्व की समाप्ति पर जबेरा जैन समाज द्वारा श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई । यह प्रथम अवसर था जब सकल जैन समाज ने तीनों मंदिर की तीनों श्रीजी की पालकी एक साथ निकाली । शोभायात्रा में बेंड दल , पाठशाला की झांकी, महिला मंडल , नवयुवक मंडल इत्यादि पंक्तिबद्ध चल रहे थे। शोभायात्रा जैन मंदिर से निकलकर पुराना बाजार होते हुए कॉलेज के अंतिम छोर तक निकली इसके पश्चात श्रीजी का मंदिर में अभिषेक शांतिधारा एवम पूजन की गई। इस अवसर पर दस दिवस तक प्रतिभास्थली रामटेक की द्वय विदुषी ब्रम्हचारिणी दीदी रिंकी दीदी एवम मनीषा दीदी की ओर से दस धर्मो पर प्रभावी मंगल प्रवचन का लाभ समाज को प्रदान किया । दीदी जी के निर्देशन में प्रतिदिन काफी आकर्षक कार्यक्रमो के साथ सकल दिगम्बर जैन समाज के सदस्यों से तत्वार्थ सूत्र का वाचन एवम मूक माटी की कक्षा ली गई । उत्तम अकिंचन धर्म एवं शिक्षक दिवस के दिन समाज के वयोवृद्ध एवम समाज की प्रतिभायो तथा समाज के शिक्षकों का सम्मान संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज भाई नीतेंद्र के मुख्य आतिथ्य में किया गया। तथा अंतिम दिवस उत्तम ब्रमचर्य के दिन सभी पाठशाला एवम अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो को प्रस्तुत करने वाले , आदरणीया ब्रम्हचारी दीदी एवम समाज के कर्मठ कार्यकर्तायों , तथा जीवदया संघ के सदस्यों का सम्मान किया गया। आज सकल जैन समाज आचार्य श्री समय सागर जी मुनि महाराज के मंगल दर्शन हेतु जबलपुर प्रस्थान करेगी एवम रात्रि में क्षमावाणी मनाई जाएगी।

## ब्यारमा नदी के बड़े घाट पर हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन



**बनवार।** अनंत चतुर्दशी पर बनवार नगर गणेशमय हो उठा। दस दिनों तक घर-घर पूजे गए प्रथम पूज्य गजानन की प्रतिमाओं का शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के बीच विसर्जन किया गया। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और डीजे की धुनों पर भक्तजन नाचते-गाते हुए शोभायात्राओं के साथ ब्यारमा नदी के बड़े घाट पहुंचे। महिलाओं ने दीप आरती की थाल लेकर शोभायात्रा का स्वागत किया और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। बच्चे और युवा भक्ति में झूमते नजर आए। इस दौरान जगह-जगह भजन मंडलियों ने गजानन की महिमा का गुणगान कर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। प्रतिमाओं का विसर्जन बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर बप्पा से अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना की।

## नम आंखों से किया गणेश विसर्जन

**पथरिया।** विगत 10 दिनों से चल रही गणेशोत्सव उत्सव की धूम धाम रही जिसमें घर घर में प्रथम पूज्य गणपति विराजमान रहें और पूजन अर्चन किया गया वही शनिवार को गणेश विसर्जन किया गया। जिसमें नगर के दमोह रोड बड़े तालाब व छोटे तालाब में लोगों द्वारा गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर प्रशासन व पुलिस की टीम तालाब घाट पर व्यवस्था में रही।

## शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**दमोह।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के द्वारा शिक्षक दिवस पर डॉ. अग्रवाल उ.मा.वि. दमोह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सुमित्रा अग्रवाल,नगर अध्यक्ष आशा अग्रवाल, मंजू मंजुला, ऋतु, रागिनी, रश्मि, अंजली, अतुल, अंजली अनंत, वंदना, ज्योति, शैल, मंजू विजय नगर, शोमा कंचन रमा अर्चना द्वारा शिक्षक प्रदीप पांडे, जोसेफ एन्टोनी मनीष चौरसिया, प्रवीण श्रीवास्तव, सुन्दर विश्वकर्मा का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। श्रीमती सुमित्रा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, पलय और निर्माण उसकी गोद में खेलते है। इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, अखिल भारती संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अटल अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, राजबहादुर अग्रवाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य मनीष चौरसिया द्वारा किया गया।

## शिक्षक दिवस पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने किया कार्यक्रम



**पथरिया।** डां राधाकृष्णन सर्वपल्ली के सम्मान में 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह एक प्रसिद्ध विद्वान और दार्शनिक थे, जिन्होंने भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला। वह इस बात के प्रबल समर्थक थे कि शिक्षा में राष्ट्र निर्माण की शक्ति है और शिक्षकों में क्षमता है उक्त कार्यक्रम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया आयोजन में 22 शिक्षक उपस्थित हुए व सम्मान किया गया साथियों में फाउंडेशन की ओर से ब्लॉक प्रमुख अभिषेक, सतीश, पुष्पेंद,सिद्धान्त, सेवानिवृत्त शिक्षक कुंजीलाल पाली, सीताराम अहिरवार व शामिल हुए।

## पेंशनरों ने शिक्षकों का किया सम्मान



**हटा।** नगर में सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने के साथ भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा हटा द्वारा गायत्री शक्तिपीठ हटा में एक गरिमामय कार्यक्रम शिक्षाविद् राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ श्याम सुंदर दुबे के मुख्य आतिथ्य में श्री बद्री प्रसाद गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती मां गायत्री के समाजवादी प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित गण मन अधिनायक द्वारा युग साहित्य वाचनालय का भव्य शुभारंभ किया। उद्बोधन की बेला में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ श्यामसुंदर दुबई ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता एवं भाग्य विधाता है। शिक्षक एक दीपक के समान होता है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। वही डायट प्राचार्य आरपी विश्वकर्मा ने कहां की नई पीढ़ी में संस्कार अध्यापक ही दे सकता है जिससे समाज में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसके उपरांत सेवानिवृत्त शिक्षक बालाराम अहिरवाल ने महर्षि अरविंद के प्रसंग पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ रुपसिंह राजपूत ने शिक्षक दिवस की बधाई दी और आगे कहा कि शिक्षक दिवस का यह दिन हम सबको महान दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की याद दिलाता है, जिन्होंने शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा साधन माना। पेंशनर समाज सदैव शिक्षा और समाज के विकास के लिए कार्य करता है, और हमें गर्व है कि हमें इस अवसर पर शिक्षकों का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आप सभी शिक्षक हमारे लिए दीपक की तरह हैं, जो अपने परिश्रम और समर्पण से ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और अज्ञानता का अंधकार दूर करते हैं। इस पावन दिन पर हम आपके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और आपको शत-शत नमन करते हैं। आयोजन के दौरान कार्यरत शिक्षक गणों का पुष्प माला एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा हटा चंद्रभूषण खरे, श्यामलाल नामदेव, केएस राय, बालाराम अहिरवार, संतोष शर्मा,रमेश अहिरवार, सुरेश सोनी, शफी मोहम्मद, केएल तंतुवाय, सत्तार खान, लल्लू तंतुवाय के अलावा हरिनारायण चौरसिया, माखनलाल नेमा का सराहनीय सहयोग रहा।

## कर्मचारियों में वेतन भुगतान नहीं होने पर आक्रोश

**दमोह।** म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रान्ताध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक राकेश सिंह हजारी को उप-संचालक पशुचिकित्सायें सेवा दमोह के कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि विभाग में पदस्थ उप-संचालक पशुचिकित्सा विभाग दमोह जो दिनांक 31.08.2025 को अपनी अधिवार्षिकि आयु पूर्ण उपरांत सेवानिवृत्त हो चुके है, किन्तु उनके स्थान पर अन्य किसी अधिकारी की पदस्थापना अथवा प्रभार अभी तक नहीं दिया गया है, जिसके कारण वहाँ कार्यरत समस्त कर्मचारियों का वेतन आहरण नहीं हो पा रहा है, साथ ही दिनांक 05, 06 एवं 07 तारीख को हिन्दु पर्व, मुस्लिम पर्व, एवं जैन पर्व होने पर भी कर्मचारीयों को वेतन भुगतान नहीं होने पर आक्रोश व्याप्त होना स्वाभाविक है, इसी तरह जनजातीय कार्य विभाग में भी समस्त कर्मचारियों का वेतन अभी तक नहीं हुआ है, पूर्व में अंशकालीन, अस्थाई कर्मचारियों द्वारा भी ज्ञापन के माध्यम से जिला अधिकारी को कर्मचारियों द्वारा वेतन भुगतान समय पर ना होने पर दिनांक 10.09.2025 से हड़ताल करने की सूचना भी दी जा चुकी है, म.प्र.शासन, वित्त विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश समय समय पर जारी किये जाते है कि प्रत्येक कर्मचारी को माह की 01 तारीख को अनिवार्य रूप से वेतन उनके खाते में डाली जावें, किन्तु विभाग के कर्मचारियों की स्थिति हड़ताल पर जाने के लिये वाध्य होना पड़ रहा है, अत एवं जिला प्रशासन से आपेक्षा की जाती है, कि उक्त विभागों द्वारा कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं करने के संबंध में गंभीरता से नहीं लिया जाना आपेक्षित है।

### शासन के आदेशों को अधिकारी बता रहें ठेंगा

म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रान्ताध्यक्ष एवं संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा आरोप लगाया है कि पूर्व में म.प्र.सामान्य प्रशासन विभाग एवं कलेक्टर दमोह द्वारा समय समय पर निर्देशित किया जाता रहा है, कि किसी भी संवर्ग का कर्मचारी संलग्नीकरण ना किया जावें, जहाँ जिस संवर्ग के कर्मचारीयों की पदस्थापना है, उन्हें अपनी शासकीय सेवायें देना अनिवार्य है, किन्तु जिले के अधिकारी उक्त निर्देशां का पालन सुनिश्चित नहीं करने के आदी हो चुके है, अपने स्वार्थ एवं राजनीति के कारण उन्हें संलग्न किया गया है, जैसे- वन विभाग अन्तर्गत वनरक्षक, शिक्षा विभाग अन्तर्गत प्राचार्य,शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत एम.पी.डब्ल्यू.आर.सी.एम.के कर्मचारियों, महाविद्यालयों में जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में, पशुचिकित्सालय में, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग आदि सभी विभागों में संलग्नीकरण के रूप में कार्य लिया जा रहा है, जिससे म.प्र.शासन की मंशा है कि सभी योजनाओं का सफल कार्य किया जाकर जनता को लाभ प्राप्त हो सकें, किन्तु संलग्नीकरण जैसे कार्य करके जनता/बच्चों को उसका लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, कर्मचारियों को वेतन अपने पद के अनुसार चाहिये है, किन्तु कार्य वह अपनी पदस्थापना का नहीं करना चाहते है, जिसके कारण कई शैक्षणिक स्कूलों का रिजल्ट भी अत्यंत खराब हो रहा है, साथ ही बच्चों का भविष्य भी खराब हो रहा है, विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन भी नहीं हो पा रहा है, अतः म.प्र.शासन तथा जिला प्रशासन से आपेक्षा की जाती है, कि जिस कर्मचारी की पदस्थापना शासन द्वारा निर्धारित की गई है, उन्हें वहीं पर पदस्थ किया जावें, संलग्नीकरण, अटेच जैसे कार्य ना किये जावें चाहे किसी भी प्रकार से कोई दवाब डाला जावें, उसका पालन सुनिश्चित किया जावें, तब जाकर म.प्र.शासन की जो मंशा है, उसका परिणाम आपकों स्वयं दिखेगा।

## अनंत चतुर्दशी पर भाजपा कार्यालय में हवन, भंडारा का आयोजन



**दमोह।** जिला भाजपा कार्यालय में स्थापित श्री गणेश जी का अनंत चतुर्दशी पर विधि विधान से हवन पूजन किया गया, तदुपरांत कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया, संध्या समय नोहटा से होकर बहने वाली ब्यारमा नदी में श्री गणेश जी का विसर्जन किया गया। हवन में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन- कविता राय, अमित बजाज, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय- रेखा उपाध्याय, संजय यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, सुरेश पटेल, विशाल शिवहरे - रीना शिवहरे, पवन तिवारी-मनीषा तिवारी, कृष्णा राज- सरला राज, राजेन्द्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेयी, भरत यादव, सहित कार्यकर्ताओं ने भगवान श्री गणेश जी के हवन यज्ञ में सम्मिलित रहे। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि आज भगवन श्री गणेश जी का विसर्जन है, उसके पूर्व विधि विधान से हम सभी ने हवन यज्ञ में किया, विधि अनुसार कन्या पूजन और कन्या भोज कराया, सभी भक्त गणों ने भोजन प्रसादी पाई। हवन, भंडारे, विसर्जन कार्यक्रम में जिला महामंत्री सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, बृज गर्ग, रामलाल उपाध्याय, प्रिंस जैन, मनीष सोनी, प्रमोद विश्वकर्मा, अनुपम सोनी, देवेंद्र ठाकुर,महेश पटेल, कपिल शुक्ला, देवकिनन्दन पटेल, संतोष रोहित, मनीष तिवारी, श्याम दुबे, रीतेश सोनी राजुल चौरहा, अखिलेश सिंह, सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## जबेरा में उत्साह से मनाया गणेशोत्सव, चल समारोह के साथ हुआ विसर्जन







**जबेरा ।** सिद्ध पीठ नरसिंह गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित भगवान की झांकी आकर्षण की केंद्र रही जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोगों ने आकर दर्शन किए। दसों दिन मूर्ति नगर में आकर्षण की केंद्र रही। पूरे उत्सव में समस्त नरसिंह गणेश उत्सव समिति के सदस्यों का सहयोग रहा। इसी प्रकार थाना जबेरा में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा ही आकर्षण का केंद्र रहा। चल समारोह में डीजे बैंड पार्टी अखाड़ा के साथ ही महिलाओं और बच्चों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। चल समारोह काफी देर रात तक चलता रहा।

## खबर संक्षेप

### गणेशमय हुआ समूचा क्षेत्र – गूँजे 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे

बनवार। अनंत चतुर्दशी पर शनिवार को गणेशोत्सव का समापन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। दस दिनों तक घर-घर पूजे गए प्रथम पूज्य गजानन की प्रतिमाओं को भक्तों ने आंसुओं और जयकारों के बीच विदा किया। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और डीजे की धुनों पर भक्ति और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह हवन-पूजन और पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज का आयोजन हुआ। इसके पश्चात बनवार क्षेत्र की प्रतिमाओं का विसर्जन ब्यारमा नदी के तट पर, रोड़ क्षेत्र की प्रतिमाओं का विसर्जन शून्य नदी महादेव घाट पर तथा बम्होरी, माला और सिमरी खुर्द की प्रतिमाओं का विसर्जन माला जलाशय में श्रद्धाभाव से किया गया। शोभायात्राओं में महिलाएं दीप आरती थाल लेकर खड़ी रहीं और परिवार-समाज की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। बच्चे और युवा नाचते-गाते हुए भक्ति में मग्न दिखे। जगह-जगह भजन मंडलियों ने गजानन की महिमा का गुणगान किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बप्पा से अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना की। बनवार के पंडित ऋषिकांत गर्ग और बम्होरी के ब्रजेश अवस्थी ने बताया कि गणेश विसर्जन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, एकता और आनंद का लोकपर्व है। पूरे अंचल में श्रद्धा और उत्साह का ऐसा दृश्य दिखाई दिया मानो लौकिक युग में आलौकिक युग की झलक साकार हो गई हो।

# अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ नम आंखों से दी बप्पा को विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव का समापन शनिवार अनंत चतुर्दशी पर नगर में भक्तों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ की गूंज के साथ गौरी के ललना को नम आंखों से विदाई दी। शहर के फुटेरा तालाब में दोपहर से विसर्जन का क्रम शुरू हो गया था। जिला प्रशासन व एनडीआरएफ की टीमें तालाब पर तैनात रही। शाम के बाद से विभिन्न चोराहों पर विराजे श्रीगणेश जी की बड़ी बड़ी प्रतिमायें विसर्जन हेतू फुटेरा तालाब पहुंची। जहां पहले पूजन अर्चन किया गया। इसके पश्चात भक्तो ने नम आंखों से बप्पा को विदाई दी व कहा कि अगले बरस तू जल्दी आ।

हटा में सुनार नदी के घाटों पर भक्ति भाव से विसर्जन किया। विसर्जन के लिए नगर पालिका परिषद एवं पुलिस के माध्यम से छोटी प्रतिमा विसर्जन के लिए अलग से नावघाट पर कुंड बनाकर व्यवस्था करने का कार्य किया गया वहीं बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन बिहारी जी सरकार समिति के सदस्यों द्वारा नाव के माध्यम से विसर्जन किया गया।

नगर में भक्तों द्वारा जगह-जगह स्थापित की गयी गणेश प्रतिमाएं अपने-अपने पांडालों एवं घरों पर विधि विधान से ढोल नगाड़ों के साथ झूमते नाचते हुए नदी के घाटों पर पहुंचे जहां पर प्रतिमाओं का पूजन आरती पश्चात विसर्जन किया गया।

### हटा में कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ विसर्जन

हटा नगर में नावघाट, हजारी घाट, सुरई घाट, घुराघाट पर गणेश विसर्जन की व्यवस्था बनाई गई थी लेकिन नावघाट पर बड़ी संख्या में महिला पुरुषों बच्चों ने पहुंचकर मंगल आरती कर गणेश प्रतिमाओं का नगरपालिका के कर्मचारियों की मदद से नदी में विसर्जन कराया गया। इस दौरान नदी के घाटों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे किसी को भी नदी के घाट पर जानें की अनुमति नहीं दी गई, घाट के ऊपर ही टेबलो को लगाकर उसमें मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना कर श्रृद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से लंबी कतारों में अपनी गणेश प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया गया। विसर्जन स्थलों का नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक व प्रशासन द्वारा घाटों का निरीक्षण किया गया। वहीं एसडीएम राकेश मरकाम तहसीलदार शिवराम चढार थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय नगरपालिका से इंजी. जाकिर रंगरेज, पटवारी शुक्ला, भागीरथ तंतुवाय सहित पुलिस बल की मौजूदगी रही। इसके अलावा नदी में डी आर सी टीम के अरविंद राजपूत राजेंद्र ठाकुर द्वारा निरंतर सुरक्षा उपकरणों के साथ सभी घाटों की निगरानी करते रहे ताकि विसर्जन के दौरान कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो सके।

### बिहारी जी सेवा समिति द्वारा कराया गया विशाल भंडारा-

वहीं दस दिवसीय गणेश उत्सव के समापन उपरांत प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नावघाट पर बिहारी जी सेवा समिति के सक्रिय सदस्य बबलू राय विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष व उनके सहयोगियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दोपहर से देर-रात तक नगर के हजारो श्रृद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज दमोह आयेंगे

## किसान सम्मेलन में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का 7 सिंतबर को दमोह आगमन आगमन हो रहा है। वह सागर नाका स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात आयोजित रैली एवं स्थानीय आशीर्वाद गार्डन में जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपना संबोधन देगें। इस अवसर पर वह किसानो को समय पर खाद्य बीज उपलब्ध न होना, स्मार्ट बिजली मीटर के जरिये हजारो रूपये के बिजली बिल आने के विरोध में में अपनी बात रखते हुए भाजपा सरकार की कथनी व करनी को उजागर करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बताया दोपहर एक बजे सागर नाका पहुचेगे। जहां सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत रैली के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए आर्शीवाद गार्डन पहुचकर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्षो मोर्चा संगठनो विभागो प्रकोष्ठो कांग्रेस पदाधिकारियों ने समस्त कांग्रेसजनों सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।



### कांग्रेस कार्यकर्ता रैली एवं सम्मेलन में भाग लें

दमोह । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं, मनु मिश्रा ने जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आज रविवार को दमोह पधार रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पुरजोर स्वागत करने , रैली व सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह

पटेरा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के प्रथम दमोह आगमन आज रविवार को हो रहा है। पटेरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह व जोश का माहौल बना हुआ है। नंदे चौरसिया जहां अपने साथियों के साथ वाहन व्यवस्था में लगे हैं तो वहीं नबाब सिंह अपने साथियों के साथ जुटे हैं।कमलेश ताम्रकार , नितिन ताम्रकार , डॉ लीलाधर अहिरवार सहित सभी साथी सहयोग कर रहे हैं।

# राज्य मंत्री श्री लोधी ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों का किया सम्मान



दमोह। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन धार्मिक न्यास धर्मस्य राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने निज निवास नोहटा में रानी अवंतीबाई लोधी परिसर में शिक्षक दिवस के अवसर पर रिटायर्ड शिक्षक एवं अन्य विभाग के अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले वे नवयुवक जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से चयनित होकर विभिन्न विभागों में पदस्थ हुए हैं उनका सम्मान किया। इस दौरान राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा मानव जीवन में गुरु का बड़ा महत्व है। शिक्षक केवल बच्चों को ही नहीं पढाता बल्कि राष्ट्र का भविष्य तय करता है लोगों का ऐसा मानना है कि शिक्षकों के बच्चे पढ़ नहीं पाते हैं। लेकिन ऐसा पूर्णतया निराधार है मेरे पिताजी भी एक शिक्षक रहे हैं जिन्होंने हम तीनों भाइयों एवं एक बहन को ऐसी शिक्षा दी कि मेरा छोटा भाई विगत 15 वर्षों तक अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहा है। लेकिन उनका देश प्रेम उन्हें अपनी जन्मभूमि में लौटा लाया मंजले भाई नितेंद्र पुणे में इंजीनियर है तथा बहन सैनिक स्कूल में टीचर है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि उनकी माता-पिता के पुण्य प्रभाव से उनके आशीर्वाद से आज मुझे यह मंत्री पद प्राप्त हुआ है। शिक्षकों के प्रति मेरे मन में विद्यार्थी जीवन से ही सम्मान का भाव रहा है क्योंकि मैंने देखा है कि जब मेरे पिताजी शिक्षक थे तो भी कितनी कड़ी मेहनत करते थे तथा बच्चों को पढ़ाया करते थे। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में जबेरा एवं तेंदूखेड़ा ब्लॉक के शिक्षक उपस्थित रहे तथा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील शाखा जबेरा के संरक्षक देवी प्रसाद शर्मा ,अध्यक्ष महेश प्रसाद विश्वकर्मा तथा सचिव भरत यादव के साथ तहसील स्तरीय कार्यकारिणी की उपस्थिति रही।

# गणेश विसर्जन के दौरान पार्षद के बेटे के साथ मारपीट



हटा। गणेश विसर्जन में निकाल जा रहे चल समारोह के दौरान बड़ा बाजार में हजारी वार्ड के पार्षद के बेटे के साथ विसर्जन जुलूस में शामिल उत्पातियों द्वारा जमकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया जहां मारपीट से लहू लुहान युवा को तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन किया जा रहा था इसी दौरान नगर के रेस्ट हाउस एरिया से वाहन पर गणेश प्रतिमा को डीजे बैंड बाजा के साथ युवाओं की टोली झूमते नाचते हुए नावघाट पर विसर्जन हेतु चल समारोह निकाल कर ले जाया जा रहा था कि रास्ते में बड़ा बाजार पोस्ट ऑफिस के रास्ते पर हजारी वार्ड के पार्षद पति की बर्तनों की दुकान के पास आतिशबाजी डीजे बजाने को लेकर कुछ कहा सुनी हुई जिसको लेकर चल समारोह में कुछ उपद्रवियों द्वारा पार्षद की बेटे उत्कर्ष पिता अन्नू ताम्रकार के साथ जमकर मारपीट कर दी एवं बीच बचाव करने आए अन्नु ताम्रकार सहित अन्य लोगों के साथ भी मारपीट क गई जहां गंभीर हालत में उत्कर्ष को तुरंत ही सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस थाने में मामला दर्ज नहीं किया गया की मारपीट करने वालों में कौन-कौन शामिल थे। हालांकि घटना के उपरांत जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की जा रही है।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर आरोपी कान्हा पटैरिया , दीपक लोधी, प्रिन्स दुबे एवं अरविन्द साहू चारो आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## नई इमारत की मांग तेज...

# अति जर्जर हालत में स्कूल, बच्चों और शिक्षकों की जान पर बन आई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

जन शिक्षा केंद्र की प्राथमिक शाला जरौंदा का प्राथमिक शाला आज अपनी दयनीय स्थिति को लेकर सुर्खियों में है। शाला की इमारत इतनी जर्जर हो चुकी है कि बच्चों और शिक्षकों को अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। छत का प्लास्टर जगह-जगह से गिर चुका है, कई जगहों पर छेद हो गए हैं, जिससे बारिश के समय पानी टपकता है और अंदर बैठना मुश्किल हो जाता है। कमरे की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें साफ देखी जा सकती हैं, जो कभी भी गिर सकती हैं। इसके साथ ही शाला तक पहुंचने का रास्ता भी बेहद खराब है। ग्राम जरौंदा से स्कूल तक का मार्ग कीचड़ और दलदल से भरा हुआ है। बारिश के समय रास्ता इतना खराब हो जाता है कि बच्चों और शिक्षकों को चलना मुश्किल हो जाता है। कई बार छोटे बच्चे गिर भी जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को ऐसे रास्ते से स्कूल भेजना बेहद जोखिम भरा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बिजबार सरपंच सीताराम पटेल का कहना है कि विद्यालय के जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। सरपंच ने कहा, "हम प्राथमिक शाला के भवन की मरम्मत कराने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन से सहयोग लिया जा रहा है ताकि बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके। साथ ही, रास्ते को भी सुधारने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।"

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि शाला की नई इमारत बनाई जाए और साथ ही स्कूल तक का रास्ता भी पक्का कर दिया जाए। उनका कहना है कि बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा सर्वोपरि है।

# जीएसटी में किए गए संशोधन का किया स्वागत

**दमोह**। भारतीय मजदूर संघ का जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने बताया वित्त मंत्रालय द्वारा घोषित संशोधित जीएसटी कर व्यवस्था वास्तव में आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर आसन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया अब तक अप्रत्यक्ष कर अव्यवस्था का बोझ आम लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों पर ज्यादा बोझ उठाना पड़ रहा था लेकिन इस संशोधन से पूर्व की व्यवस्था में बदलाव आ रहा है! सिर्फ दो दर वाली इस जीएसटी नई व्यवस्था प्रणाली का उद्देश्य है-आम जनता का बोझ कम करना और विलासिता की उपभोग वस्तुओं पर ज्यादा कर लगाना। भारतीय मजदूर संघ इसका स्वागत करता है श्रम प्रधान उद्योगों और रोजमर्रा की जरूरत वस्तुओं जैसे खाद्य पदार्थ, सीमेंट, दवाइयां, और स्वास्थ्य बीमा, शैक्षणिक सामग्री, कृषि उपकरण वह न, इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि पर कम किए गए हैं! इसका सीधा लाभ मजदूर बर्ग, मध्यम वर्ग, औरत सामान्य उपभोक्ताओं को मिलेगा। भारतीय मजदूर संघ यह भी आशा करता है कि उद्योगपति बीमा कंपनी और निर्माता कर कटौतियों का लाभ, जनता तक पहुंचाएंगे, ताकि रोजमर्रा की जिंदगी की आवश्यक चीज सस्ती होकर आम आदमी की थाली और जब दोनों को लाभ दे सके।

# धूमधाम से निकाली भगवान गणेश जी की झांकियां



**तेंदूखेडा**। नगर में बडी धूमधाम से समितियों द्वारा गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सार्वजनिक समितियों के लोगों ने अनंत चर्तुदशी के दिन गणेश विसर्जन के पूर्व विधि विधान से हवन पूजन किया गया। इसके अलावा अनेक स्थानो पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकडो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया साथ ही लोगों के घरों में विराजे छोटी गणेश प्रतिमाओं को अपने अपने वाहनो में ले जाकर गुंरैया घाट पर विसर्जन किए। सार्वजनिक गणेश समितियों के कार्यकर्ता ने बडे बडे वाहनो में भगवान गणेश जी की सुंदर झाकियां सजाकर शाम 6 बजे से बेंड बाजों एवं डीजे के साथ संपूर्ण नगर में शोभा यात्रा निकाली गई, इसके बाद गुरैया नदी में अपनी सुविधाओं के अनुसार गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है। इस दौरान पुलिस व्यवस्था एवं नगर परिषद की तरफ से साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था घाट पर की गई थी। गुरैयां नदी के घाट पर प्रशासन के अधिकारी और पुलिस मौजूद रही।






# ग्राम पंचायतों में मनमर्जी के लग रहें फर्जी बिल

**पथरिया**। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कोई भी सामग्री के नाम पर बिल लगाए गए उसमें कई बिलों में ऐसा देखने मिल रहा है कि उस फर्म द्वारा जीएसटी के बिल तो काट दिए पर सामग्री उन दुकानों पर उपलब्ध नही वही जिसके सबसे ज्यादा बिल लगाए जा रहे अगर उसकी निष्पक्ष जांच हो तो मालूम चलें कि सिर्फ बिल बंदी से सब कुछ चल रहा ना उनके स्टाक है ना कुछ सब खेल ऐसे चल रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है जिससे सब मनमर्जी से चल रहा है। वही जिनकी जिम्मेदारी है वह अपने अपने में रहते हैं हमारा काम हो जाए फिर जहां से जैसे करना करते रहों।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भूपत सिंह लोधी पिता श्री किशोरी सिंह लोधी सा. लुहारी तह. पटेरा जिला दमोह म.प्र. का शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ । यह कि मेरी पुत्री के सुकन्या खाता क्र. 4689223521 में उसका नाम सरस्वती लोधी लिखा है । यह कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों व आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र आदि में उसका नाम जय सरस्वती लोधी लिखा है । यह कि सरस्वती लोधी एवं जय सरस्वती लोधी नाम वाली मेरी एक ही पुत्री है और उक्त दोनों नामों से जानी पहचानी जाती है । यह कि उक्त दो नाम के संबंध में यदि कोई दावा आपत्ति आवेगी तो उसके लिए मैं दोषी उत्तरदायी रहूंगा ।

स्थान : हटा

दिनांक : 04 सितंबर 2025 शपथकर्ता

